अनुक्रमांक | | | | | | A APS-1001-(X) हिन्दी

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा सत्र 2023-24

## कक्षा – 10

**समय : 3¼ घण्टे** **विषय : हिन्दी** **पूर्णांक : 70**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश:**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य है।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।
4. प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

### खण्ड–अ

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

कर्त्तव्य-पालन और सत्यता में बड़ा घनिष्ठ सम्बन्ध है। जो मनुष्य अपना कर्त्तव्य-पालन करता है वह अपने कामों और वचनों में सत्यता का बर्ताव भी रखता है। वह ठीक समय पर उचित रीति से अच्छे कामों को करता है। सत्यता ही एक ऐसी वस्तु है जिससे इस संसार में मनुष्य अपने कार्यों में सफलता पा सकता है। इसीलिए हम लोगों को अपने कार्यों में सत्यता को सबसे ऊँचा स्थान देना उचित है। झूठ की उत्पत्ति पाप, कुटिलता और कायरता के कारण होती है।

बहुत से लोग नीति और आवश्यकता के बहाने झूठ की बातें करते है। वे कहते हैं कि इस समय बात को प्रकाशित न करना और दूसरी बात को बनाकर कहना, नीति के अनुसार, समयानुकूल और परम आवश्यक है।

(i) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

(ii) संसार में मनुष्य को सफलता दिलाने वाली वस्तु क्या है? 1

(iii) झूठ की उत्पत्ति किन दुर्गुणों से होती है? 1

(iv) लोग झूठ बोलने के लिए किस बहाने का उपयोग करते हैं? 1

2. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

हार कर क्यों शीश अपना मैं झुका दूँ
मैं सफलता का अटल विश्वास हूँ
पास क्षण-भर रूक न पायेगी निराशा
मै न धरती पर किसी का दास हूँ
झूठ आकर द्वार मेरे क्या करेगा
सत्य का आह्वान जिन्दा है अभी।

बोल सुन परिवर्तनों के दहल जाये
वक्ष मेरा क्षणी ऐसा तो नहीं है
पथ-विमुखता नाग-दंशो से न होती
अर्चना जिन ध्येय की अब भी वही है
मृत्यु आ कर मेरे क्या करेगा
सांस का सागान जिन्दा है अभी!

(i) कवि हार के सामने सिर क्यों नहीं झुकाना चाहता? 1


rajgnm.in

(ii) कवि मृत्यु से भयभीत क्यों नहीं है? 1

(iii) 'सिर' शब्द का समानार्थी शब्द पद्यांश में क्या प्रयुक्त हुआ है? 1

(iv) 'सत्य का आह्वान' से कवि का आशय क्या है? 1

## खण्ड—ब

3. निम्न में से किसी एक पर निबंध 300 शब्दों में लिखिए। 4

(अ) शिक्षा में खेलकूद का महत्त्व

(i) प्रस्तावना (ii) खेलकूद का महत्त्व (iii) स्वास्थ्य और खेल (iv) शिक्षा और खेलकूद (v) अन्य लाभ (vi) उपसंहार

(ब) संचार माध्यम व इनके बढ़ते प्रभाव

(i) प्रस्तावना (ii) दूरसंचार का महत्त्व (iii) भारत में सूचना प्रौद्योगिकी का विस्तार (iv) सूचना-प्रौद्योगिकी का प्रभाव (v) उपसंहार

(स) रोजगार के घटते साधन बढ़ती बेरोजगारी

(i) प्रस्तावना (ii) भारत में बेरोजगारी का स्वरूप (iii) बेरोजगारी की समस्या (iv) रोजगार घटने के कारण (v) निराकरण के उपाय (vi) उपसंहार

(द) जल है तो जीवन है

(i) प्रस्तावना (ii) जल संरक्षण की आवश्यकता (iii) जल संकट के दुष्परिणाम (iv) जल संरक्षण के उपाय (v) उपसंहार।

4. स्वयं को रा.उ.मा.वि., चेतक सर्किल, उदयपुर का विद्यार्थी विक्रम मानते हुए प्रधानाचार्य को शुल्क-मुक्ति हेतु प्रार्थना-पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

आप बाल भारती शिक्षा विद्यापीठ, सरदारपुरा के छात्र रविन्द्र सिंह हैं। विद्यालय में भौतिक सुविधाओं की कमी का उल्लेख करते हुए उनकी पूर्ति प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

5. हिन्दी की पुस्तकों की प्रदर्शनी में आधे मूल्य पर बिक रही महत्त्वपूर्ण पुस्तकों को खरीदकर लाभ उठाने के लिए लगभग 40-50 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए। 4

**अथवा**

अपने विद्यालय की संस्था 'पहरेदार' की ओर से जल का दुरुपयोग रोकने का आग्रह करते हुए लगभग 40-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

## खण्ड—स

6. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 1+3

पिता के ठीक विपरीत थीं हमारी बेपढ़ी-लिखी माँ। धरती से कुछ ज्यादा ही धैर्य और सहनशक्ति थी शायद उनमें। पिताजी की हर ज्यादती को अपना प्राप्य और बच्चों की हर उचित-अनुचित फ़रमाइश और जिद को अपना-अपना फर्ज समझकर बड़े सहज भाव से स्वीकार करती थीं वे। उन्होंने जिंदगी भर अपने लिए कुछ माँगा नहीं, चाहा नहीं ..... केवल दिया ही दिया। हम भाई-बहिनों का सारा लगाव माँ के साथ था लेकिन निहायत असहाय मजबूरी में लिपटा उनका यह त्याग कभी मेरा आदर्श नहीं बन सका ..... न उनका त्याग, न उनकी सहिष्णुता।

**अथवा**

हालदार साहब को यह सब कुछ बड़ा विचित्र और कौतुकभरा लग रहा था। इन्हीं ख्यालों में खोए-खोए पान के पैसे चुकाकर चश्मेवाले की देशभक्ति के समक्ष



rajgnm.in

नतमस्तक होते हुए वह जीप की तरफ चले फिर रुके पीछे मुड़े और पानवाले के पास जाकर पूछा, क्या कैप्टन चश्मेवाला नेताजी का साथी है या आज़ाद हिन्द का भूतपूर्व सिपाही?

7. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 1+3

हमारैं हरि हारिल की लकरी।
मन क्रम बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।
जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जक री।
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करुई ककरी।
सु तौ ब्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।
यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौंपौ, जिनके मन चकरी।।

**अथवा**

धन्य तुम, माँ भी तुम्हारी धन्य!
चिर प्रवासी मैं इतर, मैं अन्य!
इस अतिथि से प्रिय तुम्हारा क्या रहा संपर्क
उँगलियाँ माँ की कराती रही हैं मधुपर्क
देखते तुम इधर कनखी मार
और होतीं जब कि आँखें चार
तब तुम्हारी दंतुरित मुसकान
मुझे लगती बड़ी ही छविमान!

## खण्ड–द

निर्देश–प्रश्न संख्या 8 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। (प्रत्येक प्रश्न 1 अंक) 16×1=16

8. 'पुस्तक' शब्द किस संज्ञा का उदाहरण है? 1
(अ) व्यक्तिवाचक (ब) समूहवाचक
(स) भाववाचक (द) जातिवाचक ( )

9. निम्न में से कौनसा प्रश्नवाचक सर्वनाम है? 1
(अ) कौन (ब) कोई
(स) यह (द) कुछ ( )

10. साना-साना हाथ जोडि ..... पाठ में किस शहर के सौंदर्य का वर्णन है? 1
(अ) अगरतला (ब) गंगटोक
(स) गुवाहाटी (द) महाबलेश्वर ( )

11. "मैं क्यों लिखता हूँ?" पाठ के लेखक कौन हैं? 1
(अ) अज्ञेय (ब) शिवपूजन सहाय
(स) कमलेश्वर (द) शिवप्रसाद मिश्र ( )

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

12. 'अत्यधिक' शब्द में ............... उपसर्ग है। 1
13. जब दो समान स्वर मिलकर दीर्घ हो जाते हैं, वह .......... सन्धि होती है। 1
14. 'प्रतिदिन' और 'यथाशक्ति' शब्दों में .......... समास हैं। 1

निम्नलिखित अतिलघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

15. सकर्मक क्रिया की परिभाषा लिखिए। 1


rajgnm.in

16. 'आँख फेर लेना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। 1
17. संबंधबोधक अव्यय किसे कहते हैं? 1
18. गंगटोक को 'मेहनतकश बादशाहों' का शहर क्यों कहा गया है? 1
19. कविता का शीर्षक 'उत्साह' क्यों रखा गया? 1
20. संगतकार के माध्यम से कवि किस प्रकार के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाह रहा है? 1
21. 'आप लखनवी अंदाज' निबंध को और क्या नाम देना चाहेंगे? 1
22. बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगलध्वनि का नायक क्यों कहा गया? 1
23. 'एक कहानी यह भी' आत्मकथ्य में लेखिका के पिता ने रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित किया है? 1

निर्देश–प्रश्न संख्या 24 से 40 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम उत्तर सीमा 40 शब्द है।

24. 'माता का आँचल' पाठ की आधुनिक समय में प्रासंगिकता को स्पष्ट कीजिए। 2
25. सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे? 2
26. गोपियों के अनुसार 'राजा का धर्म' क्या होना चाहिए? 2
27. 'उज्जवला गाथा कैसे गाँऊ, मधुर चाँदनी रातों की'–कथन के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है? 2
28. 'तुलसीदास' या 'मन्नू भंडारी' का जीवन व कृतित्व परिचय संक्षेप में लिखिए। 2
29. 'संस्कृति' पाठ के अनुसार लेखक ने संस्कृति और असंस्कृति किसे कहा है? 2
30. शहनाई की दुनिया में डुमराव को क्यों याद किया जाता है? 2

निर्देश–प्रश्न संख्या 31 से 34 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम उत्तर सीमा 70-80 शब्द है।

31. हिरोशिमा की घटना विज्ञान का भयानकत्तम दुरुपयोग है। आपकी दृष्टि में विज्ञान का दुरुपयोग कहाँ–कहाँ और किस तरह हो रहा है? 3

**अथवा**

प्रकृति के उस अनन्त और विराट स्वरूप को देखकर लेखिका मधु कांकारिया को कैसी अनुभूति होती है?

32. 'लक्ष्मण-परशुराम संवाद' एक अत्यन्त रोचक व्यंग्यमयी काव्य रचना है। इस कथन को उदाहरण सहित सिद्ध कीजिए। 3

**अथवा**

नागार्जुन ने बच्चे की मुस्कान के सौन्दर्य को किन-किन बिम्बों के माध्यम से व्यक्त किया है?

33. रामवृक्ष बेनीपुरी के रेखाचित्र 'बालगोबिन भगत' के आधार पर भगत का चरित्र-चित्रण कीजिए। 3

**अथवा**

'एक कहानी यह भी' आत्मकथ्य के आधार पर स्वाधीनता आंदोलन के परिदृश्य का चित्रण करते हुए उसमें मन्नू जी की भूमिका को रेखांकित कीजिए।

34. गोपियों ने अपने वाक्चातुर्य के आधार पर ज्ञानी उद्धव को परास्त कर दिया, उनके वाक्चातुर्य की विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

बिस्मिल्ला खाँ के व्यक्तित्व की कौन-कौनसी विशेषताओं ने आपको प्रभावित किया?

❑❑❑

rajgnm.in